कार्यालय प्राचार्य स्व. ठाकुर महाराज सिंह शासकीय महाविद्यालय
थानखम्हरिया जिला – बेमेतरा (छ.ग.)

EMAIL ID - thankhamariya123@gmail.comw EBSITE – www.govtcollegethankhamaria.in

Annual Gender Sensitization Action Plan

उद्देश्यः— महिला सशक्तिकरण का नेतृत्व करने वाले छात्रों और कर्मचारियों के बीच लैंगिक समानता समावेशिता, सहिष्णुता, सद्भाव को बढ़ावा देना।

हमारे महाविद्यालय में समस्त सहायक प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र–छात्राओं इत्यादि में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता है। संस्थान में किसी भी प्रकार के आयोजन में सभी छात्राएं समान रूप से हिस्सा लेते हैं तथा महाविद्यालय परिसर में सुनियोजित रूप से कार्य की गति को आगे बढ़ाते हैं। स्व. ठाकुर महाराज सिंह शासकीय महाविद्यालय थानखमरिया, जिला–बेमेतरा (छ.ग.) के विशेष संदर्भ में विविधता समावेशिता, समानता और न्याय के मूल्य है, जो प्रतिभा के पोषण और मानवीय मूल्यों को विकसित करने के लिए एक मंच प्रदान करता है।

- स्व. ठाकुर महाराज सिंह शासकीय महाविद्यालय थानखमरिया लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तिकरण के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु दृढ़ संकल्पित है।
- हमारे संस्थान का प्रमुख उद्देश्य छात्र–छात्राओं का सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है। इसमें लैंगिक समानता वाले राष्ट्र का निर्माण करना शामिल है।
- महिला सशक्तिकरण के तहत आस–पड़ोस के क्षेत्रों में बेटी–बचाओ बेटी–पढ़ाओ, नारी भ्रूण हत्या, महिलाओं और पुरुषों में समानता का समर्थन करते हुए सकारात्मक बदलाव लाना हेतु समय–समय पर विभिन्न कार्यक्रमों, गतिविधियों का आयोजन किया जाना है।
- हमारा संस्थान रोजगार और समान शिक्षा के अवसर प्रदान करने के लिए छात्र–छात्राओं के प्रति प्रतिबद्ध है। भविष्य में शिक्षा के अनेक मूल्यों का अवसर प्रदान करने और रोजगार के लिए मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहेगा तथा इस हेतु रोजगार मार्गदर्शन, सेमिनार, व्याख्यान का आयोजन किया जाना है।
- संस्थान में समय–समय पर छात्र–छात्राओं के हित को ध्यान में रखते हुए विभिन्न शिक्षापरक कार्यक्रम जैसे – विशेष दिवस को मनाना, व्याख्यान कार्यक्रम, वाद–विवाद, प्रश्नोत्तरी ऐसे कार्यक्रमों को प्रोत्साहित किया जाता है और आगामी समय में इसकी व्यापकता में वृद्धि किया जाना है।
- संस्था में समानता सुनिश्चित करने और सभी स्तरों पर सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए एक सुरक्षित संरक्षित और स्वस्थ वातावरण का निर्माण करता है। तथा संस्था में गर्ल्स कॉमन रूम के साथ–साथ सी.सी.टी.वी. कैमरा लगाया गया, जिसमें छात्र–छात्राओं को भविष्य में होने वाले अनहोनी की असुरक्षा महसूस नहीं होती।

Scanned with AnyScanner

- छात्र–छात्राओं को एन.एस.एस से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करना एवं नियामिक सामाजिक –सांस्कृतिक गतिविधियों में समान भागीदारी सुनिश्चित करना। सात दिवसीय एन.एस.एस. शिविर महाविद्यालय के निकटवर्ती ग्राम में आयोजित किया जाना है जिसका मुख्य उद्देश्य छात्र–छात्राओं के द्वारा ग्रामीण जनों को स्वच्छता के प्रति, शिक्षा, लैंगिक असमानता, स्वास्थ्य और विभिन्न सामाजिक–संस्कृतिक मुद्दो पर जागरूक करना होगा।
- हमारे संस्था में कॉलेज समितियों में उचित संख्या में महिला कर्मचारियों को शामिल किया जाता है। इसका उद्देश्य उन्हें नेतृत्व का अधिकाधिक अवसर प्रदान करना है।
- संस्था में लैंगिक समानता, समावेशिता, धार्मिक सहिष्णुता सदभाव को बढ़ावा देना, छात्रों और महिला कर्मचारियों को महिला सशक्तिकरण की ओर जागरूक करने हेतु प्रेरित किया जाता है। इस संबंध में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम एन.एस.एस. तथा अन्य समितियों के माध्यम से आयोजित किये जायेंगे।
- हमारे संस्थान में विश्वविद्यालय आदेश के तहत अनुसूचित–जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र–छात्राओं को आरक्षण दिया जाता है तथा आगामी सत्र में भी प्रवेश प्रक्रिया में आरक्षण जारी रहेगा।

प्राचार्य
स्व. ठाकुर महा. सिंह शास. महा.
थानखम्हरिया जिला – बेमेतरा (छ.ग.)

Scanned with AnyScanner